## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार्यालय का ताला तोड़कर टीवी, लैपटाप, कंप्यूटर सहित अन्य सामान चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** कार्यालय का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखा एक नग टीवी, कैमरा, लैपटाप, कंप्यूटर कुल कीमत 80 हजार रुपये की चोरी करने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मकान नंबर 57 आनंद नगर सोसाइटी निवासी संदीप कुमार पटेल 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि होली के दिन प्रार्थी के आनंद नगर सोसाइटी स्थित कार्यालय का किसी ने ताला तोड़कर आफिस के अंदर रखे हजारों रुपये के टीवी, कैमरा, कंप्यूटर, लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### गुलाल लगाने के बहाने महिला से अश्लील हरकत कर पति की पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** गुलाल लगाने के बहाने महिला से दो युवकों ने किया अश्लील हरकत पति द्वारा विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा निवासी पीड़िता 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 मार्च को श्रीराम नगर तेलीबांधा में प्रार्थियां को बेइज्जत करने की नियत से कुंदन एवं बुची ने अश्लील हरकत किया। पति द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन वेतन विसंगति के खिलाफ विधानसभा घेराव करेगा 16 को

» एक लाख नौ हजार शिक्षक धरने में होंगे शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन(एलबी) वेतन विसंगति को लेकर 6 मार्च से 15 मार्च तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। एक जुलाई 2018 से सहायक शिक्षक का संविलियन मात्र दो वर्ष की सेवाअवधि के उपरांत एक जुलाई 2020 से कर दिया गया है। जबकि एलबी शिक्षक पिछले 20-30 वर्षों से 1998 से कार्य कर रहा है। इसके उपरांत भी संविलियन से वंचित किया गया है। वेतन विसंगति के खिलाफ सहायक शिक्षक संघ के एक लाख 9 हजार शिक्षक 15 मार्च तक मांग पूर्ण नहीं होने पर 16 मार्च को विधानसभा घेराव कर बुढ़ापारा धरना स्थल में प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा प्रांतीय सचिव सुखनंदन यादव ने दी।

### महापौर की अध्यक्षता में कल एमआईसी की बैठक

» रायपुर की मेयर इन काउंसिल की बैठक लेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक दिनांक 13 मार्च 2020 शुक्रवार को दोपहर 2 बजे रखी गई है।

### मुख्यमंत्री आज शाम लौटेंगे रायपुर

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 12 मार्च को नई दिल्ली से शाम 5.25 बजे विमान द्वारा रवाना होकर रात 7.15 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

### जवान ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में फिर एक जवान ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। यह घटना दंतेवाड़ा जिले की है, जहां एक एसटीएफ जवान ने आज तड़के खुद को अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। खुदकुशी करने का कारण अभी अज्ञात है। मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा एसटीएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से आज तड़के खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि जवान के खुदकुशी करने के पीछे पारिवारिक विवाद हो सकता है।

# राम वन गमन पथ की विस्तृत कार्य-योजना 10 दिन के भीतर बनाने के निर्देश

» मुख्य सचिव ने आला अधिकारियों के साथ किया स्थल का निरीक्षण

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले स्थलों में से 8 स्थलों-सीतामढ़ी-हरचौका, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया, चंदखुरी, राजिम, सिहावा और जगदलपुर को चिन्हित कर पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री आर. पी. मण्डल ने आज आला अधिकारियों के साथ राजिम का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।





मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कुलेश्वर मंदिर और राजीव लोचन मंदिर तथा लोमस ऋषि आश्रम को सौंदर्यकरण करने तथा वहां जरूरी सुविधाएं विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया।

निरीक्षण के दौरान राजिम और आस-पास के 25 किलोमीटर परिधि के अंतर्गत पंचकोशी धाम यात्रा के प्रमुख स्थलों में मार्गों में संकेतांक और मूलभूत सुविधाएं- पेयजल, यात्री प्रतीक्षालय, पर्यटन सुविधा केंद्र स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। राजिम नगरी को पुरातत्व और ऐतिहासिक पहचान देने के लिए शहर के चारों ओर प्रवेश द्वार तथा साज सज्जा के लिए भी विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने भगवान राजीव लोचन की पूजा अर्चना कर प्रदेश के खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना भी की। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी एवं पर्यटन विभाग के सचिव श्री अंबलगन पी. भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का प्रयागराज और त्रिवेणी संगम राजिम की पहचान पहले से ही आस्था, धर्म और संस्कृति नगरी के रूप में स्थापित हैं। राजिम नगरी की धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक मान्यता है। राज्य शासन द्वारा राम वन गमन पथ के लिए राजिम को चिन्हांकित किया गया है।

## मंत्री डॉ. डहरिया पाइपलाईन, नहर लाईनिंग कार्य सहित 68.06 करोड़ रूपए मंजूर



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के विशेष प्रयासों से आरंग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिगत पाइप डालने, तटबंध और नहर लाईनिंग कार्य तथा तालाब जीर्णोद्धार सहित अनेक कार्यों के लिए 68 करोड़ 6 लाख रूपए की स्वीकृति जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदान की गई है।

इन कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया तथा राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग क्षेत्रवासियों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इन विभिन्न कार्यों के लिए जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे को पत्र लिखकर मुख्य बजट-वित्तीय वर्ष 2020-21 में शामिल करने का अनुरोध किया था। मंत्री श्री चौबे ने नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया की अनुरोध को सहज ही स्वीकार करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में भूमिगत पाइप डालने, तटबंध और नहर लाईनिंग कार्य तथा तालाब जीर्णोद्धार सहित अनेक कार्यों के लिए इसे मुख्य बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की है। इसकी लागत 68 करोड़ 6 लाख रूपए हैं। विभिन्न कार्य जो मुख्य बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की गई है। शीर्ष एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 5 करोड़ 60 लाख रूपए, कोसरंगी जलाशय का शीर्ष एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रुपये एठने रचा षड्यंत्र, बलात्कार के केस में फंसाने की दे रहे थे धमकी


» एक महिला समेत 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मुजगहन थाना क्षेत्र में पांच लोगों ने षडयंत्र रचकर बलात्कार के झूठे मामले में दो लोगों को जेल भेजवा दिया। वहीं रुपये की मांग करते हुए पीड़ित को भी बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपये की मांग कर रहे थे।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक महिला के सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टेमरी माना निवासी राकेश यादव पिता स्व. श्रवण यादव ने सेजबहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के भाई को मोबाइल फोन पर 15 जनवरी से 16 जनवरी 2020 के मध्य नदिता मिश्रा ने कॉल कर दोस्ती बढ़ाया व फार्म हाउस पर बुलाकर अपने साथी उमेश रगढ़े, मनोज, राजा तिवारी, अजय के साथ मिलकर प्रार्थी के भाई ललित यादव एवं दोस्त संजय साहू को बलात्कार केस में फंसा देने की धमकी देकर जेब में रखे 15 हजार रुपये निकाल लिया व 50 लाख रुपये की मांग करते हुए दबाव बनाने लगे।

रुपये नहीं होने की बात कहने पर नदिता मिश्रा ने अपने दोस्त उमेश रगढ़े के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर ललित यादव व संजय साहू को ग्राम टेकरी वी0आ0पी0 चौक अपने साथ एक फार्म हाउस पर ले गई। जहां पहले से मौजूद पांच लड़के मौजूद थे। युवती के साथ दोनों युवकों को देखते ही सभी लड़कों ने मिलकर दोनों की पिटाई कर जेब में रखे रुपये छीन लिया व 50 लाख रुपये की मांग करने लगे।



### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की लेंगे बैठक 13 को

**रायपुर (आरएनएस)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव 13 मार्च को सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक लेंगे। श्री सिंहदेव रायपुर के नवीन विश्राम भवन में सवेरे दस बजे से आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। श्री सिंहदेव भोपाल प्रवास के बाद 12 मार्च की शाम रायपुर लौटेंगे।

## राज्यपाल ने कोण्डागांव जिले के ग्राम सल्फीपदर को गोद लेने की घोषणा

» आदिवासी महिलाओं द्वारा वन संरक्षण का कार्य सराहनीय : उइके

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज जिला कोण्डागांव के ग्राम सल्फीपदर के आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने ग्राम सल्फीपदर को गोद लेने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र का दौरा करेगी और वहां पर अन्य समस्याओं को निराकरण करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा ग्राम सल्फीपदर में वन संरक्षण का कार्य



किया जा रहा है, जो वाकई सराहनीय है। वास्तव में जल जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार है। वे वनों के असली मालिक है। वे सदियों से वनों की रक्षा करते आएं है। उन्होंने कहा कि 5वीं अनुसूची के तहत ग्रामसभा को व्यापक अधिकार दिए गए है। उक्त किसानों की पानी के समस्या और काली मिर्च की खेती से संबंधित आवश्यकताओं का प्रस्ताव बनाकर ग्रामसभा के माध्यम से प्रशासन को प्रेषित करें। प्रशासन द्वारा उनकी अवश्य मदद की जाएगी। उइके ने कहा कि आदिवासी वनभूमियों का सदियों से उपयोग कर रहे है। प्रशासन द्वारा सामुदायिक वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जा रहा है। जिनको पट्टा ना मिला हो उनका सूची बनाकर एक आवेदन शासन को दे। पट्टे मिलने के पश्चात उनकों मालिकाना हक मिल जाएगा।

## महापौर के पहलदवा, बंधवा, खोखो तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा सहित संबंधित अधिकारियों को नगर निगम रायपुर क्षेत्र के लाखे नगर में आने वाले पहलदवा , बंधवा, खोखो तालाब की सौंदर्यीकरण योजना के शेष बचे विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करना जनहित में प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इस दौरान स्थल पर उनके साथ पूर्व पार्षद गोवर्धन शर्मा सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी के कार्यपालन अभियंता शर्मा ने महापौर ढेबर को बताया कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 5 करोड 74 लाख रू. की लागत से नगर निगम रायपुर क्षेत्र के लाखे नगर में स्थित पहलदवा, बंधवा एवं खोखो तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास कर उसे पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नगर हित में संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है।



लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में कुछ तकनीकी कारणों के चलते स्थल पर कार्य बंद है। योजना के तहत तीनों तालाबों पहलदवा, बंधवा, खोखो तालाब का गहरीकरण व सफाई कार्य सहित चारो ओर हरियाली बिखेरने पौधरोपण सघनता से किये जाने का कार्य, पाथवे का तीनों तालाबों में निर्माण व विकास कार्य , तालाब किनारे सुन्दर रौषनी बिखेरने प्रकाष व्यवस्था विद्युतीकरण का कार्य तीनो तालाबों में घाटो का निर्माण व विकास कार्य सहित विविध सौंदर्यीकरण कार्य योजना में किये जा रहे है।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत, अपराध दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुर मोहल्ला सरोना निवासी राजेश सिंह ठाकुर 39 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 मार्च को सरोना चौक रिंग रोड 1 पर तेज रफ्तार टेलर क्रमांक जीजे 18 एजेड 7359 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए डिलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलएम 1335 के चालक को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्ती किया गया लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। पुलिस मृतक को पोस्ट मार्टम के लिए मेकाहारा अस्पताल में भेज दिया है वहीं ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है।

## सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी सशक्त समिति की बैठक सम्पन्न

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी सशक्त समिति की 49वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ''ई-शासन एक पहल सुशासन की ओर'' के तहत डिजिटल सचिवालय परियोजना के कार्यो सहित परियोजना के अन्य कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन एवं प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी गौरव द्विवेदी ने ई-शासन प्रोजेक्ट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने बताया कि ''ई-शासन एक पहल सुशासन की ओर'' डिजिटल सचिवालय परियोजना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना के कार्य निर्धारित समय में कर लिया जाये। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को ई-ऑफिस एप्लीकेशन को शासन के कार्यो के लिए ज्यादा से ज्यादा उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिये है। उन्होंने ई-ऑफिस के तहत अधिकारियों-कर्मचारियों को जरूरी प्रशिक्षण देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है।

बैठक में बताया गया कि मंत्रालय के विभिन्न विभागों की लगभग दो लाख 61 हजार से ज्यादा नस्तियों का डिजिटाईजेशन कर ई-ऑफिस एप्लीकेशन में अपलोड किया गया है। सशक्त समिति की बैठक में डिजिटल सेक्रेटिमेट प्रोजेक्ट द्वितीय फेस को अनुमोदित किया गया।

## छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन राजधानी में 25 और 26 को

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे शुभारंभ » देश भर से युवा वैज्ञानिक होंगे शामिल



**रायपुर (आरएनएस)।** अट्ठारवीं छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस 2020 का आयोजन राजधानी रायपुर में 25 और 26 मार्च को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 मार्च को सवेरे 10.30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे। समापन समारोह राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में 26 मार्च को शाम 4 बजे होगा। छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस शुभारंभ और समापन समारोह पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में होगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वाधान में किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस 2020 के शुभारंभ कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री उमेश पटेल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के उभरते हुए युवा वैज्ञानिकों को अनुसंधान गतिविधियों के लिए प्रेरणा देना है। इस आयोजन में 19 विषयों में शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगें। देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में 32 से 35 आयु समूह के पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री के साथ ही कम से कम दो वर्ष का शोघ कार्य से जुड़े युवाओं को इसमें आमंत्रित किया गया है।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

» 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस जुटी जांच में

**रायपुर (आरएनएस)।** सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो जाने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रिंग रोड 3 मंदिर हसौद में पांच मार्च को सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल में पहुंचकर मृतक दिनेश साहू 23 वर्ष पिता दीनदयाल साहू निवासी चोरभट्ठी धरसीवा को किसी तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल से जाते समय ठोकर मार दिया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**



**आवश्यकता**

इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU